ST. MONTFORT SCHOOL
REPORT ON DUSSEHRA

"The victory of good over evil inspire you towards your own victories".

Keeping the festival spirit alive St. Montfort school celebrated Dussehra with great zeal and enthusiasm in the school auditorium on 20 October,2023. The special assembly was presented by the students of class III-A, B, C, D, E &F. The assembly started with the special prayer song followed by the special prayer. Students presented different quotes on Dussehra. After this student presented a skit through various scene in which they showed the message that good always triumphs over evil and Shri Rama's victory over the demon king Ravana. Students staged a mind-blowing dance & melodious song bringing to light the spiritual significance of the day.
Principal Rev. Bro. Monachan K.K. advised the students to destroy the demons within each other of us and to pick up the good values and virtues from such religious festival which teach us to follow the path of truth & goodness.

Mrs. Geeta Ghodke

सेंट मोंटफोर्ट स्कूल भोपाल

स्पेशल असेंबली (विशेष सभा)दशहरा,सत्र -2023- 24

"मंगल भवन अमंगल हारी। द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी।। हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता।।"

दिना◌ॅक 20 अक्टूबर 2023 को सेंट मोंटफोर्ट स्कूल भोपाल में दशहरा असेंबली का आयोजन किया गया ।कक्षा तीसरी के समस्त वर्गों के विद्यार्थियों द्वारा असेंबली की शुरुआत एक मधुर प्रार्थना गीत से की गई । असेंबली में राम कथा से जुड़े रामायण के विभिन्न प्रसंग बड़ी श्रद्धा तथा भक्ति भाव के साथ दर्शाये गए , जिसमें राम जन्म से लेकर रावण वध तक के सभी प्रसंग सुंदर और मनमोहक तरीके से प्रस्तुत किए गए ।आरम्भ में श्री राम जन्म और उनके गुरुकुल गमन को दिखाया गया।इसके बाद श्री राम स्वयंवर दिखाया गया ।तत्पश्चात छात्राओं ने एक मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। राम का राज्याभिषेक और उनके वनवास का दृश्य दिखाया गया और लक्ष्मण के संग्राम के बाद एक मधुर भक्ति गीत की प्रस्तुति की गई ।गीत के बाद रावण के द्वारा सीता हरण दर्शाया गया ,उसके बाद सीता जी का अशोक वाटिका में राम की प्रतीक्षा का दृश्य प्रस्तुत हुआ और राम लक्ष्मण तथा उनकी वानर सेना का लंकेश के साथ युद्ध दिखाया गया ।

अंत में कक्षा तीसरी की छात्राओं द्वारा मनोरम नृत्य प्रस्तुत किया गया तथा छात्रों ने भी एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। असेंबली के अंत में आदरणीय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के.द्वारा सभी बच्चों को राम कथा से सीख लेने की प्रेरणा दी गई। उन्हें अहंकार त्याग कर सद्भाव का पालन करने की शिक्षा दी गई।

अंत में राष्ट्रगीत के साथ असेंबली का समापन हुआ।

श्रीमती हिमानी सेन